दिनांक 11 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नगर निगम भिलाई में 26 को मिली अनुकंपा नियुक्ति , आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जारी किया आदेश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई में 26 को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है! आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने इसका आदेश जारी कर दिया है! दीपावली त्यौहार के पूर्व इनकी नियुक्ति कर इन्हें एक प्रकार से तोहफा दिया गया है! 26 लोगों को अनुकंपा में नियुक्त करने के बाद इनके पदभार ग्रहण करते ही अब यह निगम कर्मचारी कहलाएंगे! उल्लेखनीय है कि शासकीय सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाने उपरांत इनके आश्रितों ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने प्राप्त आवेदन की कार्रवाई पर तेजी लाने के निर्देश दिए थे! नगर पालिक निगम भिलाई में विगत 2 वर्षों से अनुकंपा नियुक्ति की बाट जोह रहे लोगों को अब नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया है! उल्लेखनीय है कि नियमित पद संरचना में कई पद स्वीकृत नहीं होने के कारण अनुकंपा नियुक्ति में कई बाधाएं आई! परंतु आयुक्त श्री रघुवंशी ने पहल करते हुए प्रक्रिया में तेजी लाने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए जिसका परिणाम है कि आज 26 कर्मचारी अनुकंपा के लिए नियुक्त किए गए हैं ! शासकीय सेवक के मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रितों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है परंतु अब अनुकंपा नियुक्ति हो जाने से इनका मनोबल ऊंचा होने के साथ आर्थिक परिस्थितियों में भी अड़चन नहीं आएगी! अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के लिए उपायुक्त अशोक द्विवेदी की भूमिका भी स्थापना प्रभारी होने के कारण अहम हैं जिन्होंने विभागीय प्रक्रियाओं में समय-समय पर आयुक्त महोदय के मार्गदर्शन पर प्रक्रियाओं को विधिवत निरंतरता बनाए रखा! निकाय स्तर पर अनुकंपा नियुक्ति हेतु गठित छानबीन समिति की बैठक 20 अक्टूबर 2020 को हुई थी! जिसमें अनुकंपा के लिए दिए हुए आवेदन पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए अनुशंसा की गई है! अनुकंपा में नियुक्त किए गए कर्मचारियों में आज खुशी की लहर है , निगम के कर्मचारी संघ ने भी इन्हें बधाई दी है!

इन्हें इस पद पर मिली अनुकंपा नियुक्ति गायत्री साहू , अर्शिया नाज एवं अर्जुन सोनी को सहायक ग्रेड 3 के पद पर! अर्पित कुमार द्विवेदी, दिलीप कुमार एवं अन्नपूर्णा बंजारे को सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर! तेजस्व गुप्ता, चंद्रमणि यादव, हेमंत कुमार मांझी एवं सूर्य दास को स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर! दिनेश कुमार चंद्राकर को वाहन चालक के पद पर! सोनू सोनवानी , नारायण सिंह, भरद्वाज मेश्राम, निर्मला देवांगन, गीताबाई निर्मलकर, उमाशंकर, मनहरण लाल टंडन, संतोष कुमार देशलहरे, कालेश्वरी बाई, गोवर्धन प्रसाद साहू, गोपी प्रसाद पांडे, उमेश कुमार, विकास सोनी, प्रवीण राव डोंगरे एवं पुष्पांजलि पंसारी को भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है! विभिन्न नियम शर्तों के तहत आदेश जारी किया गया है! अनुकंपा में नियुक्त किए गए कर्मचारियों को आदेश जारी होने के 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से पदभार ग्रहण करना होगा अन्यथा आदेश स्वमेव निरस्त माना जाएगा!

जनसंपर्क अधिकारी